प्रेस नोट-09.06.2024-थाना गजरौला

थाना गजरौला द्वारा रास्ता रोककर, मारपीट व गाली गलौच करने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्त दिल्ली से चोरी की हुई एक मोटर साईकिल व अवैध असलहे सहित गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री कुँवर अनुपम सिंह महोदय के निर्देशन व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय अमरोहा श्री राजीव कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी धनौरा श्री स्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण में थाना गजरौला पुलिस द्वारा रास्ता रोककर, मारपीट व गाली गलौच करने से सम्बन्धित अभियोग में वांछित अभियुक्त दिल्ली से चोरी की हुई एक मोटर साईकिल व अवैध असलहे सहित गिरफ्तार किया गया।

***संक्षिप्त विवरण*:-** आज दिनांक 09.06.2024 की प्रात: थाना गजरौला पुलिस द्वारा हसनपुर रोड पर चामुण्डा मन्दिर के चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे एक मोटर साईकिल सवार अभियुक्त अताउर्र रहमान पुत्र मौ0 इरफान निवासी मौ0 लक्ष्मी नगर कस्बा व थाना गजरौला अमरोहा उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की हुई फर्जी नम्बर प्लेट लगी मो0सा0 स्पलेन्डर प्लस रंग काला न0 DL3SBN5607 व अवैध असलहा एक तमंचा नाजायज 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। *गिरफ्तार अभियुक्त अताउर्र रहमान थाना गजरौला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 438/24 धारा 341,323,504,506 भादवि में वांछित चल रहा था*। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना गजरौला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

***पूछताछ पर अभियुक्त अताउर्र रहमान द्वारा बरामद मो0सा0 स्पलेन्डर प्लस रंग काला न0 DL3SBN5607 को कुछ समय पूर्व दिल्ली से चोरी करना तथा नम्बर प्लेट बदलकर आज इस बेचने जाने हेतु बताया गया*।**

***गिरफ्तार अभियुक्त*:-**

1. अताउर्र रहमान पुत्र मौ0 इरफान निवासी मौ0 लक्ष्मी नगर कस्बा व थाना गजरौला अमरोहा उम्र 28 वर्ष।

***बरामदगी*:-**

1. दिल्ली से चोरी की हुई मो0सा0 स्पलेन्डर प्लस रंग काला न0 DL3SBN5607 व इंजन न0 HA10EA99J10548 (फर्जी नम्बर प्लेट लगी)।
2. अवैध असलहा एक तमंचा नाजायज 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

***अपराधिक इतिहास अभियुक्त अताउर्र रहमान*:-**

1. मु0अ0सं0 438/24 धारा 341,323,504,506 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. मु0अ0सं0 439/24 धारा 411,414,420 भादवि 3/25 आयुद्ध अधि0 थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

***पुलिस टीम*:-**

1. प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
3. मु0आ0 411 वीरेन्द्र बहादुर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
4. आरक्षी 747 अक्षय थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

PRO CELL AMROHA